प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने सोमवार को पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। कौशल किशोर जायसवाल को वनों पर रक्षाबंधन अभियान, पर्यावरण धर्म का संचालन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में पिछले 56 वर्षों से किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। आयुक्त ने आशा व्यक्त किया है कि श्री जायसवाल इसी तरह आगे भी पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने अपने संदेश में समाज के सभी लोगों से पृथ्वी और प्रकृति को बचाने के लिए पौधारोपण करने की सलाह दी। ताकि आने वाले समय से आसानी से निबटा जा सके। उन्होंने श्री जायसवाल के उज्जवल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की है।

बता दें कि पर्यावरणविद कौशल को देश विदेश में अब तक 48वां सम्मान पत्र मिला है। मौके पर जनसंपर्क उपनिदेशक आनंद, एपीआरओ विजय ठाकुर, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल आदि उपस्थित थे।

कौशल ने विश्वकर्मा पूजा और पीएम के जन्मदिन पर दिलाई पर्यावरण धर्म की शपथ

मेदिनीनगर। सवर्धा। पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सृजन व निर्माण के अधिष्ठाता देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। इस मौक पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु होने की मंगल कामना की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। श्री कौशल ने कहा कि जिस तरह वास्तु व ब्रह्मांड के विकास में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का अहम योगदान रहा है, ठीक उसी प्रकार श्रेष्ठ भारत के विकास में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी का योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि पर्यावरण धर्म के अनुसार जन्मदिन व कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध में पौधा लगाने का पहला विधान है। परंतु विश्वकर्मा पूजा के दिन उनके निर्मित औजारों से प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने का भी विधान नहीं है। यही कारण आज भगवान विश्वकर्मा एवं मोदी जी के जन्मदिन पर पौधरोपण कार्य नहीं कर कार्यक्रम में शामिल लोगों को शपथ दिलाकर उनके बीच पौधा वितरित किया गया, ताकि आज के बाद उसे लगाकर उन दोनों की जयंती को यादगार बनाया जा सके।

इस मौके पर छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और हेसा प्लाई के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने भी भगवान विश्वकर्मा और प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी। इस मौके पर अनुज कुमार, बसंत सिंह, गोपाल कुमार, अमरेंद्र कुमार रवि, शमीम अंसारी, मुनेशर मांझी, सत्येंद्र प्रसाद, रामू कुमार, संतोष प्रजापति, छोटू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

पर्यावरणविद कौशल ने उपायुक्त को कपूर का पौधा देकर की मुलाकात

मेदिनीनगर। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल जिले के उपायुक्त ए दोड्डे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद कौशल ने उपायुक्त को हिमाचल के कपूर का पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया। कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाए जा रहे अभियान की विस्तृत जानकारी उपायुक्त को दिया। उन्होंने जिले में सुखाड़ की स्थिति पर भी चर्चा किया।

पर्यावरणविद ने अपने 70 वें जन्मदिन पर कॉलेज में किया पौधरोपण

मेदिनीनगर। स.वर्षा। सूबे की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ नगर महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित सेमिनार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने राष्ट्रीय गान व पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर किया। कार्यक्रम में शामिल कॉलेज के विद्यार्थियों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आधुनिकता की इस दौर में सुख सुविधाओं के उपभोग के लिए बढ़ी वाहनों की संख्या एवं अप्रत्याशित हुई जनसंख्या विस्फोट से ही प्रदूषण बेतहाशा बढ़ा है। इसका खामियाजा समाज के सभी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कोरोना काल में यह साबित हो गया कि जहां वनों की अंधाधुंध कटाई हुई है वहां के लोगों पर कोरोना का कहर उतना ही अधिक बरपा, जिसका गवाह दिल्ली और महाराष्ट्र रहा है।

कौशल ने कहा कि अपने निजी खर्चों पर निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 57 वां वर्ष तथा पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट (वृक्षों पर रक्षाबंधन) के 47 वां वर्ष पर विश्व के पांच देशों एवं देश के 10 राज्यों के 30 जिलों में 2 लाख पौधों का निशुल्क वितरण, रोपण, वृक्षों पर रक्षाबंधन व पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी आयोजन का निर्णय लिया है। विश्व भर में पूर्णतः हरित क्रांति लाया जाय इसके लिए उन्होंने न सिर्फ अपने देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी धर्मपत्नी सह डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल के साथ जाकर पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया है। श्री कौशल अपने जीवन के 70 वां पड़ाव तय करने पर रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार के मार्गदर्शन में 70 पौधे लगाए व वितरित किया। इनमें चंदन, कल्पतरु, रुद्राक्ष, कपूर, छतनी, कदम, महोगनी एवं फीडल लिफ् के पौधे शामिल थे। पौधों पर रक्षाबंधन के उपरांत कार्यक्रम की समापन हुई। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. अबरार अहमद, डॉ. विद्यानंद चौधरी, नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ कुमार केसरी, राज. कुमार, सईद आलम, प्रभात तिवारी, डीसी मिश्रा, रानी मिंज, देवंती केरकेट्टा, केके दत्ता, नवीन शर्मा, मधुमिता विश्वास, शीला कुमारी, उषा मिश्रा, समेत कॉलेज के सैकड़ो छात्र–छात्राओं ने पौधारोपण एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

पलामू 22 अक्टूबर 2023

पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल हुए सम्मानित

मेदिनीनगर। स.वर्षा। शहर के शिवाय ब्लू होटल में आयोजित डांडिया नाईट का उद्घाटन निगम के प्रथम मेयर अरुणाशंकर, छतरपुर के डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 57 वर्षों से देश विदेश में उल्लेखनीय कार्य के लिए नगर निगम के प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सह बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव व डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

डांडिया सम्मेलन में पर्यावरणविद ने कहा कि आज समाज के अधिसंख्य लोग प्रदूषण की चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी परेशान व तनाव में हैं। वैसी स्थिति में कला संस्कृति सम्मेलन तनावों व तन और मन का प्रदूषण दूर करने में कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। कार्यक्रम में विभिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर के कई हस्तियों को भी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रांची संस्करण
प्रातः आवाज

आदर्श सामूहिक

पृथ्वी पर बिना हरियाली लाये खुशहाली की कामना करना बेमानी : कौशल किशोर

प्रातः आवाज

मेदिनीनगर। पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के आजाद नगर में गुलाम गौस पत्नी शबाना परवीन के पुत्री तारा नाज के विवाह में बिहार राज्य से औरंगाबाद के कुटुंबा थाना अंतर्गत नवाबगंज से आये 200 बारातियों को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरण धर्म गुरु पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सभी बारातियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर विदाई किया।

उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्मावलंबियों को जन्नत का दरवाजा खुला रखना है तो उन्हें खुदा का आदेश पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि खुदा का जो इशारा है वह कुदरत की हरे रंग और धर्म के हर रंग से जुड़ा हुआ है। मक्के मदीने में रोजेका गोमज का रंग भी पिछले 1400 वर्षों से हरा है। उन्होंने यह भी कहा कि उसी अनुसार इस्लाम धर्म की पगड़ी भी हरे रंग की होती है। इतना ही नहीं उनके अखाड़े का रंग भी हरा होता है जो प्रकृति के रंग से जुड़ा हुआ है।

पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि पृथ्वी पर बिना हरियाली लाये खुशहाली की कामना करना बेमानी होगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना होगा। नहीं तो आने वाली पीढ़ी विकलांग हो जाएगी।

गुलाम गौस की पुत्री की शादी में शामिल उप मुखिया नगीना खातून, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल एवं उनके प्रतिनिधि जुबेर अंसारी, छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार के प्रतिनिधि सुचित कुमार जायसवाल, लड़की के दादा अमीन इदरीश, शहाबुद्दीन अंसारी, जमीरउद्दीन अंसारी, साकिम अंसारी, कर्मचारी अंसारी, शमीम अंसारी, मुंतज़िर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, असगर अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 28 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
10

पर्यावरणविद कौशल की बातों की अनदेखी करना लोगों को पड़ेगा महंगा : पांडुरंग हेगड़े

तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचे कर्नाटक के प्रख्यात पर्यावरणविद

पिछले 50 वर्षों से चिपको व वनराखी मूवमेंट से जुड़े हैं हेगड़े पलामू किला सहित कई जगहों पर जाकर किया पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। कर्नाटक से तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचे प्रख्यात पर्यावरणविद पांडुरंग हेगड़े ने यहां के बढ़ते तापमान पर चिंता जाहिर की है। कहा कि पर्यावरणविद कौशल किशोर की बातों का यहां के लोग अनदेखी करेंगे तो उनके लिए आने वाले समय में काफी महंगा साबित होगा। वे पिछले 50 वर्षों से चिपको व वनराखी मूवमेंट से जुड़कर पर्यावरण के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किये है। उन्होंने लातेहार जिले के पलामू किला में वनों पर कोलकाता से आए पर्यावरण प्रेमियों के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण पर विशेष चर्चा की। इस दौरान विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल एवं कोलकाता से आये लोगों के साथ बरवाडीह के कस्तूरबा विद्यालय और खुरा पंचायत में गुरु नानक देव की जयंती की पूर्व संध्या पर आम का पौधा लगाकर लोगों के साथ पर्यावरण से जुड़ी कई बातों की जानकारी साझा की। अपने संबोधन में पांडुरंग हेगड़े ने प्रमंडल में बढ़ती तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि लोग प्रकृति के साथ अर्थ के लिए अनर्थ कर रहे हैं। जबकि पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने 50 वर्ष पूर्व से कहते आ रहे हैं कि अगर इसी तरह प्रकृति से छेड़छाड़ होते रहा तो लोगों को पानी की बोतल व ऑक्सीजन का सिलेंडर साथ लेकर चलना पड़ेगा। इतने के बाद भी लोग कौशल किशोर की बातों पर अमल नहीं कर रहे हैं। कोरोना की विभीषिका से भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी को आगे आना होगा। इसके लिए देश ही नहीं विदेशों में भी जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में वन विभाग से रिटायर अजय कुमार मिश्रा, विक्टर क्रिकेटर, शिवानंद तिवारी, शशि भूषण तिवारी, दीनानाथ राम और कोलकाता से वनरखी मूवमेंट से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं में सुशीलीता शाह, कोटाउ चटर्जी, शल्कना चटर्जी, मानस खान, देवयानी दास, सुमित्रा शंकर दत्ता, अंजीत बनर्जी, मौमिता बनर्जी, गोराचंद साहू, बरवाडीह कस्तूरबा की सहायक बार्डन उषा कुजूर, संगीता कुजूर, रूबी कुमारी, संगीता, नाईसा, रीमा, गीता, सुजाता आदि शामिल थे।

चिपको व वनराखी मूवमेंट से जुड़े कर्नाटक के प्रख्यात पर्यावरणविद पांडूरंग हेगड़े तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचे

मेदिनीनगर। कर्नाटक से तीन दिवसीय दौरे पर पलामू आये प्रख्यात पर्यावरणविद पांडुरंग हेगड़े ने यहां के बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि पर्यावरणविद कौशल किशोर की बातों की यहां के लोग अनदेखी करेंगे तो आने वाले समय में उनके लिए काफी महंगा साबित होगा। वे पिछले 50 वर्षों से चिपको व वनराखी मूवमेंट से जुड़कर पर्यावरण के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने लातेहार जिला के पलामू किला में वनों पर कोलकाता से आए पर्यावरण प्रेमियों के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण पर विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल एवं कोलकाता से आये लोगों के साथ बरवाडीह के कस्तूरबा विद्यालय और खुरा पंचायत में गुरु नानक देव की जयंती के पूर्व संध्या पर आम का पौधा लगाकर लोगों के साथ पर्यावरण से जुड़ी कई बातों की जानकारी साझा किया। पांडुरंग हेगड़े ने प्रमंडल में बढ़ती तापमान पर चिंता जताते हुए कहा कि लोग प्रकृति के साथ अर्थ के लिए अनर्थ कर रहे हैं। जबकि पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने 50 वर्ष पूर्व से कहते आ रहे हैं कि अगर इसी तरह प्रकृति से छेड़छाड़ होते रहा तब लोगों को पानी की बोतल व ऑक्सीजन की सिलेंडर साथ लेकर चलना पड़ेगा। कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में वन विभाग से रिटायर अजय कुमार मिश्रा, विक्टर क्रिकेटर, शिवानंद तिवारी, शशि भूषण तिवारी, दीनानाथ राम, और कोलकाता से वनरखी मूवमेंट से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं में सुशीलीता शाह, कोटाउ चटर्जी, शत्कना चटर्जी, मानस खान, देवयानी दास आदि शामिल थे।

Advertisement

गुरु नानक देव की जयंती पर पौधरोपण किया गया

वृक्ष पर रक्षासूत्र बांधकर जयंती मनाते पर्यावरणविद कौशल व अन्य .

छतरपुर. कर्नाटक के प्रख्यात पर्यावरणविद पांडुरंग हेगड़े तीन दिवसीय प्रवास के दौरान पलामू पहुंचे. छतरपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय व डाली बाजार के प्लस टू हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण कर गुरु नानक देव जी की जयंती मनायी गयी. डाली बाजार में मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी जैविक पार्क में देश व विदेश के करीब 200 से अधिक प्रजातियों के दुर्लभ पौधों का अवलोकन कर कार्यों की काफी सराहना की. पर्यावरणविद हेगड़े ने कहा कि वनराखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर ने जिस तरह से उजड़े वनों में पुनः हरियाली लाने का काम किया है उससे देशवासियों को सीख लेने की जरूरत है. लोगों को पर्यावरण धर्म अपनाने से ही पृथ्वी व प्रकृति की रक्षा हो सकेगी. अगर लोग अपने आप को नहीं रोक पाये, तो आने वाले कल को हम सुरक्षित नहीं रख पायेंगे. इसकी अध्यक्षता कस्तूरबा विद्यालय के वार्डेन किरण सिंह ने की.डाली मुखिया ने मुख्य अतिथि व अध्यक्ष को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. मौके पर प्रधानाध्यापक शिवप्रसाद यादव, श्रवण कुमार, पूर्व मुखिया अफजल अंसारी, सुचित कुमार जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद, जुबेर अंसारी आदि मौजूद थे.

कौशल ने किया पर्यावरण धर्म अपनाने का आह्वान

मेदिनीनगर। स. वर्षा। जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत मझौली निवासी निरंजन यादव की पुत्री प्रियंका और चक मनातू के विलास यादव के पुत्र पंकज यादव के शादी समारोह में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधारोपण कर नवविवाहिता के सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। वहीं ग्राम पंचायत डाली बाजार के अनिल कुमार जायसवाल के पुत्र अंकुश जायसवाल और नगर निवासी प्रवीण जायसवाल की पुत्री प्रियंका जायसवाल का विवाह भी अंबिकापुर के महामाया रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ। इस विवाह कार्यक्रम में भी पर्यावरणविद श्री जायसवाल ने वर –वधु और बरातियों को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम, लीची, चंदन के पौधे देते हुए कहा कि यदि घरों में लोगों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए शिव के समान वृक्ष का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बारातियों को दहेज में कुछ मिले या न मिले लेकिन उन्हें पौधा मिलना अति जरूरी है। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि धरती और ब्रह्मांड की 84 लाख योनी जीवों के लिए सबसे जरूरी ऑक्सीजन है। ऑक्सीजन किसी फैक्ट्री में नहीं मिलता है। इसके लिए पौधा लगाना होगा। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि आप हर संपत्ति को अर्जित कर सकते हैं परंतु शुद्ध हवा नहीं। बीमारी से बचने के लिए हर व्यक्ति को चाहिए कि अपने धर्म के साथ–साथ पर्यावरण धर्म के 11 मूल मंत्रों को भी अपने जीवन में उतारने का अथक प्रयास करे। कार्यक्रम में विनोद यादव, पार्वती देवी, भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार, डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, संजय यादव, मनोज यादव, उप मुखिया अफजल अंसारी, रामजी प्रसाद, सूचित जायसवाल, सत्येंद्र जायसवाल, संजय यादव, अनिल जायसवाल, ललिता देवी, प्रवीण जायसवाल, सविता देवी, लालू प्रसाद, दीनानाथ, मुकेश प्रसाद, उमेश कुमार, अजय कुमार, मालती देवी, राकेश कुमार , गोविंद प्रसाद, राम जी जायसवाल, सचिन कुमार, कमलेश प्रसाद, मंजू देवी, फुलवा देवी, कमलेश यादव, राजकुमार यादव, हरिराम यादव, प्रसाद सिंह, किशन भैया, रामलाल यादव समेत कई लोग शामिल हुए।

दैनिक भास्कर
पलामू भास्कर 02-01-2024

कायत की जाएगी। आयोजन किया जा रहा है। विकसित अंचल के कर्मी मौजूद थे। मौजूद थे।

पर्यावरणविद ने थाना परिसर में चंदन समेत कई पौधे लगाए

पुलिस से समाज की और वृक्ष से पर्यावरण व प्रकृति की होती है हिफाजत: कौशल

भास्कर न्यूज | मेदिनीनगर

जिले के उंटारी रोड थाना में रविवार को सेवानिवृत्त एएसआई राजकुमार शर्मा को विदाई दी गई। उनके सम्मान में व विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद, उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक सहित अन्य लोगों के साथ थाना परिसर में पर्यावरण धर्म के साथ चंदन सहित आम,कदम,लीची और पीपल का पौधा लगाया। पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने सेवानिवृत्त राजकुमार शर्मा को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा, मोमेंटो देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि वृक्ष और पुलिस दोनों ही समाज के लिए कार्य करते हैं। वृक्ष प्रकृति व पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित रखती है जबकि पुलिस समाज के लोगों की सुरक्षा प्रदान करने के लिए रात दिन प्रयासरत रहती है। दोनों ही समाज के लोगों के लिए कार्य करते हैं जिसके कारण इनमें काफी समानता है। उन्होंने कहा कि समाज व पर्यावरण के लिए वृक्षों और पुलिस का होना नितांत जरूरी है। कौशल ने कहा कि कोरोना काल में उनके द्वारा इसके पहले थाना परिसर में कई प्रजाति के पौधे लगाए गए थे जो आज वह विकसित होकर वृक्ष बन गया है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जीवन के हर मौके पर पौधरोपण करने का अनुरोध किया। उन्होंने जिला परिषद सदस्य अरविंद सिंह के साथ शिव संपत धाम परिसर का निरीक्षण कर वहां पौधरोपण करने का आश्वासन दिया । ताकि मंदिर परिसर को और आकर्षक बनाया जा सके। कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, सब इंस्पेक्टर रमेशचंद्र महतो, एएसआई चंडी प्रकाश, मुन्नालाल जामदा, डॉ. योगेंद्र सिंह, अगस्त तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

सुंदरलाल बहुगुणा को उनकी जयंती पर पौधारोपण कर किया गया याद

दो बार पलामू के पर्यावरणविद कौशल के घर पहुंचे थे सुंदरलाल बहुगुणा

मेदिनीनगर। स. वर्षा। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने मेदिनीनगर स्थित आवासीय परिसर के आकाश बाग में भारत के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पदम विभूषित स्व. सुंदरलाल बहुगुणा की 97वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण धर्म व उसकी प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति का आम का पौधा लगाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने उनकी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया। कौशल ने कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान पर्यावरण–चिन्तक एवं चिपको आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होंने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिए संघर्ष किया। उनकी पत्नी व कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर, धूम सिंह नेगी अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके अन्दोलन से जुड़े हुए थे। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आन्दोलन से जुड़े रहे और 1980 के दशक से 2004 तक के दशक में टिहरी बाँध के निर्माण के विरुद्ध आन्दोलन से। वे भारत के आरम्भिक पर्यावरण प्रेमियों में से एक थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का न सिर्फ हिस्सा बने थे बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र व पानी पंचायत के केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था। श्री कौशल ने कहा कि बहुगुणा जी के साथ 1977 में टिहरी के चामा, चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश – विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का उन्हें भी अवसर मिला था । संस्था की प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि बहुगुणा जी अपने आंदोलन के दौरान अपनी धर्मपत्नी विमला बहुगुणा के साथ दो बार उनके पर्यावरण भवन आवास पर आए थे। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान जो लोग बहुगुणा जी से मिलने आते थे उनसे ये कहते थे कि वन और पर्यावरण जीने का आधार है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव अरविंद कुमार जायसवाल, अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, पिंकी सिंह, हेम सिंह, नथुनी सिंह, परमानंद मंडल, गुड़िया कुमारी, आराध्या, आशिका, रामू, ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

वानिकी दिवस से धरती और वनराखी मूवमेंट से संपूर्ण ब्रह्मांड की सुरक्षा: गुरु कौशल जायसवाल

■ पर्यावरणविद ने पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर मनाया विश्व वानिकी दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

छतरपुर पलामू। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान में पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर 54 वां विश्व वानिकी दिवस व अपनी पोती आद्रिका का छठी जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की भी शपथ दिलायी।

वनों पर रक्षाबंधन करते पर्यावरणविद व पर्यावरण से जुड़े लोग।

खास बातें : कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए श्री कौशल ने कहा कि समय रहते अगर लोग सचेत नहीं हुई तो कोरोना की कहर से भी ज्यादा तबाही प्रदूषण की जहर से मचेगी। पर्यावरण धर्म से जुड़े लोगों के साथ पर्यावरणविद ने वनों पर राखी बांधकर उसे बचाने की शपथ दिलाई। विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में पर्यावरणविद कौशल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण कोरोना से भी अधिक भयावह प्रदूषण का खतरा लोगों के सिर पर मंडरा रहा है। विश्व वानिकी दिवस पर उन्होंने ब्रह्माण्ड के सभी जीवों की रक्षा के लिए पौधरोपण करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मदेव यादव ने की जबकि संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि सुचित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल के प्रतिनिधि पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी ने की। मौके पर जुबेर अंसारी, सूरज देव यादव, कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद,कामेश्वर राम, कामेश्वर सिंह, रूपेश कुमार, अजय कुमार, श्रवण कुमार, विशाल कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

www.epaper.azadsipahi.in

14 अप्रैल, 2024
पैत्र, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 173

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

पर्यावरणविद और पार्षद ने पौधरोपण कर मनाया आंबेडकर की 133 वीं जयंती

वृक्षों से सांसों का और बाबा साहब से संविधान का है रिश्ता : पर्यावरणविद और पार्षद अमीत

आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु और वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण और वितरण कर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनायी। पर्यावरणविद और पार्षद ने छतरपुर अनुमंडल के माडवा पंचायत के ग्राम नासो से डॉ भीमराव के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा में शामिल हुए। वहीं बगैया पंचायत के तेलियाडीह में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए पौधा समर्पित किया। उन्होंने खरवारडीह में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करने के पश्चात संत रविदास जी के प्रांगण में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ गंगा वर्धन नारियल लगाकर उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और लीची समर्पित किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के पहला मूल मंत्र में जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध पर पौधा लगा कर उसे बचाने का विधान है। उन्होंने कहा कि जो देता है उसे देवता कहा जाता है। वृक्ष और बाबा साहेब की जीवनी और कार्यशैली में काफी समानता है। दोनों का ही समाज के लिए अतुलनीय योगदान रहा है। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने बाबा साहब के 133 वां जन्मदिन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा है कि बाबा साहब का संविधान को सदैव अनुपालन करना चाहिए क्योंकि उन्होंने कहा है कि भाग्य पर कम और कर्म पर ज्यादा विश्वास करना चाहिए। राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता बनकर गरीब असहायों को हर संभव मदद करनी चाहिए। तभी उनके सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र में बालु और जल की समस्या से जूझ रहे लोगों को कहा कि यह समस्या सरकार की विफलता का प्रतीक है। कार्यक्रम में शामिल महिला पुरुषों ने पर्यावरणविद कौशल किशोर और पार्षद अमित कुमार जायसवाल को गर्मजोशी से स्वागत किया।। ग्रामीणों ने उनकी कार्यों की सराहना की। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में मांडवा पंचायत और बगया पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।। शोभायात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में पूर्व डीआईजी राकेश रंजन मड़वा के पूर्व मुखिया कमलेश राम ,पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी बगया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव , धर्मेंद्र रजक, बृजेश राम अशोक राम संजय राम, रामस्वरूप राम, रवि विश्वकर्मा, नागेंद्र राम, पंकज राम, कपिल राम, जितेंद्र, रमेश, अजय, सुशील, दिनेश, देवव्रत, अजीत, विनोद राम, उषा देवी, राम जन्म राम, उपेंद्र कुमार, अरुण राम, रविंद्र यादव, बिरजा राम, लालू यादव समेत अन्य कई गणमान्य लोग शामिल थे।

पृथ्वी दिवस पर पर्यावरणविद ने पौधरोपण कर किया हिंडालको के कार्यक्रम का शुभारंभ

पृथ्वी से केवल लेना ही नहीं, देना भी सीखें : कौशल किशोर

- कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की ओर से पृथ्वी दिवस पर कजरी मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः आवाज

वृक्षों पर रक्षाबंधन करते व पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर

मेदिनीनगर। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर की ओर से पृथ्वी दिवस पर सोमवार को कजरी मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन रखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, विशिष्ट अतिथि पाटन वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राजु रजक, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने भाग लिया। पर्यावरणविद ने कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर किया। श्री कौशल ने पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हिंडाल्को के सीएसआर की टीम की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रकृति से हमें सिर्फ लेने नहीं कुछ देने की परंपरा को विकसित करने की जरूरत है। मानवीय भूल के कारण बड़े पैमाने पर वनों को समाप्त कर दिया गया जिसका परिणाम यह है कि पुरा पर्यावरण प्रदूषित हो गया। जिसके कारण आज तापमान लगातार बढ़ रहा है और सुखाड़ अकाल की विभीषिका झेलनी पड़ रही है। इससे बचने के लिये हम सभी को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र अपनाने होंगे। अपने घरों में होने वाले उत्सवों को यादगार बनाने के लिए पौधरोपण कर उसे बचाने का संकल्प लेने की जरूरत है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि वे 1967 से लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम के साथ पौधरोपण एवं वितरण करते आ रहे हैं। उनके इस उल्लेखनीय कार्यों को आइसीएससी एवं सीबीएसई पाठ्यक्रम में पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया।

प्रभारी वनपाल राजु रजक ने कहा कि आने वाले कल की खुशहाली के लिए सभी को पौधरोपण करना होगा।

पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने लोगों से पौधा लगाने के साथ साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि जब तक सामूहिक भागीदारी नहीं होगी तब तक पर्यावरण का संरक्षण नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक के प्रयोग से सबसे ज्यादा प्रदूषण फैल रहा है। प्लास्टिक मानव जीवन के लिए जहर के समान है। इसलिए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लेने की जरूरत है।

मौके पर हिंडाल्को के दीपनारायण सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक पाठक, अरुण तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, रेणु देवी, अंजय मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

पर्यावरण धर्म के प्रभाव से ही धुलेगा अर्थ के लिए प्रकृति पर हो रहे अनर्थ का पापः कौशल

■ पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने पौधा दान कर तिब्बती बौद्ध भिक्षु के कार्यक्रम का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

कामेश्वरपुर /सरगुजा /छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट कामेश्वरपुर थाना अंतर्गत शुक्रवार को तिब्बत वासियों के गांव स्थित भगवान बुद्ध के विशाल मंदिर में आयोजित नवाह पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। उन्होंने उक्त मौके पर बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व उसके आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया। मौके पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का शोषण व दोहन कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि पृथ्वी का तापमान बेतहासा बढ़ता चला जा रहा है। कहा कि लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना होगा।

बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते पर्यावरणविद धर्मगुरु कौशल किशोर जायसवाल।

खास बातें : कौशल ने कहा कि जबतक वन्य एवं उसके अलावे रैयती भूमि पर 33% सघन वन तैयार ना हो जाय तबतक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा। इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है। कहा कि 34 वर्षो के बाद उस क्षेत्र के लोग उन्हें बुलाया है। उन्होंने पर्यावरण धर्म के तहत आम का पौधा देकर कार्यक्रम में शामिल लोगों को सम्मानित करते हुए कहा कि पुत्र साथ छोड़ सकता है परंतु पेड़ नहीं। तिब्बत से आये बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु दोरजें तेनजिंग और सीतापुर गुतुरमा के भोला गुप्ता ने पर्यावरण के क्षेत्र में एक लंबे अरसे से पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के उल्लेखनीय कार्यों की काफी सराहना की।

अज़रबैजान में अचीवर अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद कौशल किशोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : चार दिवसीय विदेश यात्रा से अपनी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल के साथ लौटे पर्यावरणविद कौशल किशोर को उनके लोगों ने भव्य स्वागत किया। श्री कौशल को रशियन कंट्री अजरबैजान में आयोजित समारोह में अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जिससे उनके लोगों में खुशी का माहौल है।रशियन कंट्री से अलग हुए अज़रबैजान की राजधानी बाकू के होटल मेरीओट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। सम्मान समारोह का उद्घाटन विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और धर्मपत्नी व डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल अजरबैजान देश के टूरिस्ट सेल के डायरेक्टर रौशन,मोनिका लुइस, खडवानी के साथ संयुक्तरूप से किया था।समारोह के उद्घाटन के उपरांत पर्यावरण धर्म के अनुसार अतिथियों को पौधा देने का विधान है।वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने अज़रबैजान देश के राजधानी बाकू के लिटिल वेनेस में

आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणविद कौशल ने बताया कि उनके द्वारा चलाया गया निःशुल्क पौधरोपण अभियान और वनराखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष और पौधा विरण व रोपण के 58 वां वर्ष पुरा होने पर वहां भी संस्था का विस्तार किया।। जिसके तहत अजरबैजान के राष्ट्रीय अध्यक्ष समरीन जैदी और मोनिका लुइस उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पौधों का वितरण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया। चार दिवसीय विदेश यात्रा से लौटने पर घर में परिजनों व शुभचिंतकों ने पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम जायसवाल का भव्य स्वागत किया।मौके पर प्रो अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिविका जायसवाल, आद्रिका जायसवाल व अनुषा जायसवाल मौजूद थे।

ाज

झारखंड

ाचार पत्र

नवादा

अज़रबैजान में अचीवर अवार्ड से नवाजे गए पलामू के पर्यावरणविद कौशल किशोर व मुखिया पूनम

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता,अरविंद अग्रवाल

छत्तरपुर(पलामू)। चार दिवसीय विदेश यात्रा से अपनी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल के साथ लौटे पर्यावरणविद कौशल किशोर को उनके लोगों ने भव्य स्वागत किया। श्री कौशल को रशियन कंट्री अजरबैजान में आयोजित समारोह में अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जिससे उनके लोगों में खुशी का माहौल है। रशियन कंट्री से अलग हुए अज़रबैजान की राजधानी बाकू के होटल मेरीओट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। सम्मान समारोह का उद्घाटन विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व धर्मपत्नी व डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल अजरबैजान देश के टूरिस्ट सेल के डायरेक्टर रौशन, मोनिका लुइस, खडवानी के साथ संयुक्तरूप से किया था।

समारोह के उद्घाटन के उपरांत पर्यावरण धर्म के अनुसार अतिथियों को पौधा देने का विधान है। इसी तहत कर्नाटक का चंदन और हिमाचल का कपूर का पौधा पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम के द्वारा सभी अतिथियों को भेंट किया। अतिथियों ने कपूर का पौधा के पत्ता को टुकड़ा कर सूंघने पर बहुत प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर अतिथियों ने पर्यावरणविद को बधाई देते हुए ट्री मैन से संबोधित किया। ट्री मैन कौशल सभी लोगों को बताया कि वे अपनी जन्मभूमि पर अपने निजी खर्चे पर भारत के झारखंड राज्य के पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर में विश्व का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण करा रहे हैं जिसका निर्माण कार्य आखिरी चरण पर है। उसका उद्घाटन राज्यपाल के द्वारा होना तय हुआ है।

उन्होंने वहां के लोगों को उस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने अज़रबैजान देश के राजधानी बाकू के लिटिल वेनेस में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणविद कौशल ने बताया कि उनके द्वारा चलाया गया निःशुल्क पौधरोपण अभियान और वनराखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष और पौधा विरण व रोपण के 58 वां वर्ष पुरा होने पर वहां भी संस्था का विस्तार किया।।जिसके तहत अजरबैजान के राष्ट्रीय अध्यक्ष समरीन जैदी और मोनिका लुइस उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पौधों का वितरण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया। चार दिवसीय विदेश यात्रा से लौटने पर घर में परिजनों व शुभचिंतकों ने पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम जायसवाल का भव्य स्वागत किया। मौके पर प्रो अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आशिविका जायसवाल, आद्रिका जायसवाल व अनुषा जायसवाल मौजूद थे।

युवा, खेल एवं कला-संस्कृति राष्ट्र की धरोहर और पर्यावरण के अंग हैं : कौशल

पर्यावरणविद व जिला पार्षद ने विजेता व उपविजेता टीमों को कप-पौधा देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के सिलदाग पंचायत के खेल मैदान में क्रिकेट का फाइनल मैच खेला गया। जिसका बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरण विद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल ने औपचारिक बैटिंग कर खेल का शुभारंभ किया। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि युवा, खेल, कला, संस्कृति व वन ये सभी पर्यावरण के अंग और राष्ट्र की धरोहर हैं। इनकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी एवं जल संकट से निबटने के लिए समाज के सभी लोगों को अपने धर्म के साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा। तभी हम इस भयावह स्थिति का सामना करने में कामयाब हो सकते है। वहीं, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि भोजन से मनोरंजन कहीं ज्यादा जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत है उन्हें उचित प्लेटफार्म मुहैया कराकर उनकी प्रतिभा को निखारने की। कहा कि सरकार खेल को प्रोत्साहित करने के लिए पैसे पानी की तरह बहा रही है। बावजूद इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को नहीं मिल पा रहा है। कहा कि दोनों टीम के पांच खिलाड़ियों के पैर में जूते नहीं थे। जिन्हें उनके पिता सह पर्यावरणविद ने मैच की समाप्ति पर आर्थिक सहयोग किया। इसके अलावा दोनों टीमों के कप्तान को पर्यावरणविद व जिला पार्षद अमित ने कप के साथ आम व अमरूद का पौधा देकर उत्साहवर्धन किया। उधर, फाइनल मुकाबला तुकतुका बनाम बरछाही के बीच खेला गया। जिसमें टुकटुका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 95 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी बरछाही की टीम मात्र 75 रन पर ऑल आउट हो गयी। मैन आफ द मैच का पुरस्कार राजन कुमार को दिया गया। मौके पर टूर्नामेंट संचालन कमेटी के अध्यक्ष रमन यादव, कोषध्यक्ष छोटू विश्वकर्मा, सचिव पप्पू सिंह, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, चिरू से सचिन कुमार पांडेय, सिलदाग पंचायत मुखिया पति उमेश कुमार यादव, पंचायत समिति शिवपूजन तिवारी, लव जी, सिंटू, राजद युवा जिला सचिव राकेश कुमार ठाकुर, रोजगार सेवक आलोक सिंह, डॉ रंगीला सिंह, डॉ अखिलेश सिंह आदि उपस्थित थे। वहीं, अंपायर की भूमिका करण स्टार छतरपुर व पप्पू सिंह ने निभाई।

थाईलैंड में एशिया एचीवर्स व भारत के गौरव अवार्ड से नवाजे गये पर्यावरणविद डॉ कौशल

संवाददाता

मेदिनीनगरः थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित होटल हॉलीडे इन में आयोजित कार्यक्रम में पलामू के पर्यावरण विद डॉ. कौशल किशोर जायसवाल को वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी के हाथों एशिया एचीवर्स व भारत गौरव अवार्ड से नवाजा गया। मोटिवेशनल स्पीकर पॉल नरूला की ओर से आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन थाईलैंड के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी, पॉल नरूला, डॉ राजू खान, डॉ. जफर और पर्यावरणविद डॉ कौशल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कॉर्न देमोरेंसी ने एशिया एचीवर्स व भारत के गौरव अवार्ड से डॉ. कौशल को सम्मानित करते हुए कहा कि उनके

द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में लंबे अरसे से जो निःशुल्क कार्य किया जा रहा है वह दुनियां के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड की मित्रता लंबे अरसे से चली आ रही है और आगे भी जारी रहेगी। डॉ कौशल को विदेशों में छठा और जीवन का 65 वां अवार्ड मिला है। कार्यक्रम में डॉ. कौशल और उनके पुत्र अरुण कुमार जायसवाल एवं रोहित जायसवाल ने सभी अतिथियों को भारत से अपने साथ ले गए पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया। डॉ. कौशल ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों को भारत आने का आमंत्रण भी दिया। छह दिवसीय विदेश यात्रा से अवार्ड लेकर लौटने पर पड़ोसियों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने पर्यावरणविद डॉ कौशल व पुत्र अरुण जायसवाल का डालटनगंज स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। मौके पर डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, सूरज, विकास, आराध्या, आशिविका, आद्रिका, अनुषा, सत्य सिंह, संतोष, रामू, छोटू मौजूद थे।